प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)
विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का जूनियर रिसर्च फैलोशिप परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा आयोजित 'जूनियर रिसर्च फैलोशिप' परीक्षा में पंतनगर विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों का प्रदर्शन सर्वोत्तम रहा। आई.सी.ए.आर द्वारा आयोजित जूनियर रिसर्च फैलोशिप परीक्षा में देश के सभी कृषि विश्वविद्यालय के बी.एस.सी. सामुदायिक विज्ञान के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें सफल छात्राओं को एम.एस.सी. डिग्री हेतु सीधा प्रवेश एवं अध्ययन के दौरान आई.सी.ए.आर. 'जूनियर रिसर्च फैलोशिप' प्राप्त होती है। इस परीक्षा में गृह विज्ञान महाविद्यालय की कु. निकिता दानू ने प्रथम; कु. सिमरन गुप्ता ने द्वितीय; कु. स्वर्णनिका बंसल ने चतुर्थ; कु. जागृति भण्डारी ने पांचवाँ; कु. कात्यानी ने छठा; अनुराग ने सातवाँ एवं उल्का पंत ने आठवाँ स्थान प्राप्त किया। इनके अतिरिक्त कु. दीक्षा कालरा ने पन्द्रहवाँ; कु. तन्वी नरयाल ने तेइसवाँ; कु. हिमानी बेलवाल ने चौबीसवाँ; कु. मेधावी सती ने पचीसवाँ; कु. दीपशिखा कोठारी ने उन्तीसवाँ; कु. दीक्षा राणा ने तीसवाँ; कु. सुचित्रा पाठक ने इकतीसवाँ एवं कु. अनु परगई ने इकसठवाँ स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. तेज प्रताप, गृहविज्ञान महाविद्यालय, अधिष्ठात्री, डा. अल्का गोयल एवं सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्हे बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।